**सुविचार**

सोच का ही फ़र्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं


साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom of Speech

संपादक :- नागेश नरवरिया

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

पेज -7

वर्ष 6, अंक-69 | भोपाल, शुक्रवार 1 अक्टूबर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

## कर्ज में डिफॉल्टर महिला को क्या न्यायालय जेल भेज सकता है या नहीं जानिए/सिविल प्रक्रिया संहिता,(CPC)...।

**होशंगाबाद।** कोई भी सिविल न्यायालय डिक्री तब पारित करता हैं जब न्यायालय को लगता है कि मामला समझौता योग्य हो सकता है,अर्थात



डिक्री एक ऐसा न्याय-निर्णय होता हैं जो हमेशा कब्जा, किराया, मध्यवर्ती लाभो का निर्णय , मालिक एवं कर्मचारियों के बीच हिसाब का निर्णय,विभाजन या अलग अलग कब्जे का न्याय निर्णय आदि प्रारंभिक डिक्री होती है एवं उपर्युक्त वाद के विरुद्ध कोई अपील समय सीमा के अनुसार नहीं कि जाती तो यह अंतिम डिक्री कहलाती है। अगर कोई व्यक्ति कर्ज नहीं दे पाता है अर्थात बैक या अन्य तरह से डिफॉल्टर व्यक्ति तब सिविल न्यायालय उसको गिरफ्तार करने के लिए वारण्ट जारी कर सकता है एवं उसे बंदी बनाकर कारावास में रखा जाएगा सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 55(1) के अनुसार। लेकिन क्या सिविल न्यायालय किसी महिला को धारा 55(1) के अंतर्गत बंदी बनाकर कारावास में करने का आदेश दे सकता है जानिए।

### सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 56 की परिभाषा-?

अगर किसी महिला को धन भुगतान वाद में उसके विरुद्ध कोई सिविल न्यायालय द्वारा डिक्री पारित हो गई है अर्थात महिला को न्यायालय द्वारा डिफॉल्टर कर दिया गया है तब ऐसी महिला को न तो गिरफ्तार किया जायेगा न ही कारागार में बंदी रखा जाएगा धारा 56 के अनुसार यह संरक्षण उन्हें दिया गया है। अगर वाद दायर करने वाली भी कोई स्त्री हैं एवं प्रतिवादी भी महिला हैं तब प्रतिवादी महिला को जमानत लेकर रिहा कर दिया जाएगा।

*स्पष्ट है कि धारा 56 केवल महिलाओ को धन संबंधी भुगतान के वाद में कर्ज न चुकाने पर गिरफ्तारी पर रोक लगती है।*

**लेखक बी. आर. अहिरवार( पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद ) 9827737665**

# महामहिम राज्यपाल के नाम जयस और भीम आर्मी ने संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन





**कमलेश नरवरिया/ उदयपुरा**

***हमें न्याय दो अन्याय हम नहीं सहेगें ...स्व.प्रमोद आदिवासी नि.धौलश्री हत्याकांड के बिरोध मे एवं दो बर्ष पूर्व लापता हुऐ पत्रकार राजकुमार तिरपालिया की न्यायिक जांच की मांग को लेकर भीम आर्मी ओर जयस संगठन ने मिलकर बहुजन समाज के हजारों लोगों के के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा बहुजन समाज के लोगो का गुस्सा उबाल पर था आज दि.27 सितंबर को अपनी छः सूत्रीय मांगे जिसमें नेमावर, नीमच, शाहगंज, देवास की घटनाएं भी शामिल हैं।***

विगत कुछ महीने पूर्व उदयपुरा के ग्राम धोलश्री निवासी प्रमोद आदिवासी की छातेर मोड़ पर संदिग्ध हालत में लाश मिली थी। जिस पर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। आज दिनांक तक पुलिस संदिग्ध हालत में मिली लाश की गुत्थी नहीं सुलझा पाई। इसी बात को लेकर आदिवासी सामाजिक संगठन जयस और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के लोगो में काफी रोष व्याप्त है। जिसके चलते दिनांक 27 सितंबर 2021 को हजारों की संख्या में आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के कई संगठनों के लोग तालकटोरा स्टेडियम पर एकत्रित हुए। आदिवासी समाज ने मध्य प्रदेश शासन पर वर्ग भेदभाव का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की और प्रशासन से सवाल पूछा कि आखिर क्यों प्रमोद आदिवासी कांड के दोषियों का पता नहीं लग पाया। संगठनों के कार्यकताओं ने सवाल यह भी पूछा कि उदयपुरा थाने के अंतर्गत विगत दो वर्ष पूर्व लापता हुए पत्रकार राजकुमार त्रिपालिया का भी अभी तक सुराग क्यों नहीं लग पाया? तालकटोरा स्टेडियम से संगठनों के लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रांगण उदयपुरा पहुंचे जहां पर महामहिम राष्टपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों का पता लगा कर उचित सजा दिलवाई जाए और पीड़ित परिजनों को 2-2 करोड़ रूपए का मुआवजा और न्याय दिलवाया जाए। जयस,ओर भीम आर्मी के अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज के लोगो पर अत्याचार बरदाश नहीं किया जाएगा और अगर सीमित समाज के अंदर दोनों मामलों की जांच कराकर न्यायिक कारवाही नहीं को गई तो भीम आर्मी ओर जयस मिलकर पूरे मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देंगे और प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे और अन्न्याय,अत्याचारों के खिलाफ मिलकर आवाज उठाएंगे ओर बताया शासन प्रशासन बहुजन समाज के लोगो को अपनी आवाज उठाने के लिए रोकना का प्रयास करता है कई जगहों पर बहुजन समान के लोगो को आंदोलन करने ओर आवाज उठाने से रोका जाता है जबकि हम संबेधानिक दायरे में रहकर बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी विरसा मुंडा ओर फुले के विचारो पर चलकर समाज को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाने का काम करते है।



दलित पत्रकार राजकुमार त्रिपालिया

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कुंअर सूर्यजीत सिंह जिला अध्यक्ष जयस रायसेन, जितेंद्र मूलनिवासी जिला अध्यक्ष भीम आर्मी रायसेन प्रमुख बाड़ी , अतरसिंह भारतीय उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संघठन भारत, राकेश अम्बेडकर मुख्य प्रभारी भीम आर्मी रायसेन , अतुल अहिरवार तहसील उपाध्यक्ष बाड़ी, कैलाश टाटेवार जिका कार्यकारणी सदस्य अलीबड़ा, बालमुकुंद अहिरवार जिला महासचिव भीम आर्मी,संदीप बघेल तहसील अध्यक्ष भीम आर्मी उदयपुरा , सुरेश मधुरे तहसील अध्यक्ष बरेली भीम आर्मी , अजय,संदीप ,मुकेश ,आदि एवं आदिवासी समाज के बरिष्ठ मार्गदर्शक मा.हाकम सिंह जी बरिवा जी कटक, जयस जिला प्रभारी शिवराज सिंह पोर्ते जी , सागर जयस जिला प्रभारी रजत दीवान जी , सूरज गोंड जी जयस उपाध्यक्ष , जिला उपाध्यक्ष जयस हनमत सिंह परते जी , जयस जिला महा सचिब नरेंद्र मरकाम जी ,उदयपुरा जयस ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जी ,ओबैदुल्लागंज जयस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद धुर्वे जी , बाड़ी जयस ब्लॉक अध्यक्ष देशराज जी , सिलवानी ब्लॉक अध्यक्ष विजय ठाकुर , गैरतगंज जयस के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजभूषण उईके जी , बेगमगंज जयस के ब्लॉक अध्यक्ष अमान सिंह टेकाम जी , कैलाश टांटेवार अलीवाडा, सुरेश माधुरे बरेली, अजय मांडरे थाला, नरेंद्र मरकाम, हीरालाल मास्कोले, सोबरन सिंह गोलिया, रूपसिंह अहिरवार आदि के अलावा सामाजिक संगठन जयस एवम भीम आर्मी के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



**लेखक**

**विकास सभरवाल पानीपत**

मेरे अलावा भला कौन तन्हा रहा होगा ,
मुझे छोड़ उसने सबको अपना कहा होगा ।
उसकी जो आँखें हैं नीली सी ,
उनमें एक समंदर बस्ता है ,
एक करता ,
सिर्फ़ मेरा कंधा छोड़ हर कंधे
पर पड़ा होगा ।
उसके गालों के साथ से एक उजाला
निकलता है ,
मेरा आंगन छोड़ हर आंगन में रहा होगा ।
उसकी हर अदा एक एक करता जिस्म का
सिर्फ़ मेरा है ,
उस गैर का हाथ थामते वक्त ज़रूर उसने
ये कहा होगा।

मेरे ना होने से भला
आज किसे फर्क
पड़ता है ,
इश्क़ खुने से भला आज
किसे फ़र्क पड़ता है ।
वो गीले बालों से अक्सर
मुझे जगाया करती थी ,
मेरे ना सोने से भला
आज किसे फ़र्क फ़र्क
पड़ता है।
मैं चांद से परे उसकी
यादों को संजो छोड़
आया ,
आज चांद तन्हा है भला
किसे फ़र्क पड़ता है ।
ज़रा प्यार ना मिले लोग
रो देते हैं ,
मेरे रोने से भला किसे
फ़र्क पड़ता है ।
मेरे ना होने से भला
आज़ किसे फ़र्क
पड़ता है ।

# भीम आर्मी और जयस को बदनाम करने की कोशिश कर रही शिवराज सरकार

**रामेश्वर नरवरिया / रायसेन**

29 सितंबर को भाजपा को बैठक में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री ने भीम आर्मी ओर जयस को बदनाम किया और कहा कि भीम आर्मी, जयस समाज को भड़काने वाले संगठन है जिसे लेकर भीम आर्मी ओर जयस के लोगो में भारी आक्रोश है भीम आर्मी के रायसेन जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ,ओर जयस के जिलाध्यक्ष सूर्यजीत सिंह ने कहा कि हम बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी और विरसा मुंडा एवं फुले ओर बहुजन समाज के क्रांतिकारी महापुरषों कि विचारधारा को आगे बढ़ाने वाले लोग है हम बहुजन समाज के हक अधिकारों एवं मान सम्मान की लड़ाई को संवैधानिक दायरे में

## *जिसको लेकर भीम आर्मी ओर ओर जयस के लोगो में आक्रोश*



जितेन्द्र मूलनिवासी भीम आर्मी जिलाध्यक्ष | कुँवर सूर्यजीत सिंह जिलाध्यक्ष जयस रायसेन

रहकर लड़ते है क्या आपने अधिकारी के लिए लडना ओर बहुजन महापुरषों के विचारो को समाज के बीच तक पहुंचना गलत है जो मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार इन पर अभद्र टिप्पणी कर रही है भीम आर्मी भारत एकता मिशन अपने संगठन के माध्यम से माग करती है को भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हाथ जोड़कर माफी मांगे और बहुजन समाज के संगठनों पर अभद्र टिप्पणी करना बंद करें वरना भीम आर्मी एवं देश के सभी कार्यकर्ता प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे और आने वाले टाइम में इस भाजपा सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया जाए।

## जल्द ही आ रहा है बहुप्रतीक्षित गोंडी गीत वो तो सो रही थी समधन नार

# राजेश सरियाम और आदिवासी फोक स्टूडियो के लोक गीतो ने यूट्यूब पर मचाई धूम



■ स्मिता मनोज लोखंडे, चैनल हेड एण्ड निर्माता निर्देशक

**बैतूल।**

यूट्यूब पर आदिवासी फोक स्टूडियो इन दिनों काफी सुर्खियां बटोरते नजर आ रहा है इस चैनल ने मात्र कुछ ही दिनों में यूट्यूब पर अपनी एक अलग ही पहचान बना कर लाखो की पसन्द बन गया है यहा मौजूद लोक गीतकार राजेश सरियाम के गाने इंटरनेट पर खूब पसंद किए जा रहे हैं। राजेश अपने नए गाने जीजा साली, देवर भाभी के साथ दर्शकों के बीच हाजिर हैं। ये लोकगीत जबरदस्त तो है ही साथ ही उनका स्टाइल और लुक यूट्यूब पर खूब पसंद किया जा रहा है। देवर भाभी और जीजा साली, वारवाता जीरोला भाजी गाना रिलीज होते ही वायरल होने लगा है। वारवाता जीरोला भाजी गाने को अब तक यूट्यूब पर ढाई लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल भी चुके हैं। तो वही इस चैनल को लाखों लोग देख चुके है इस वीडियो में कलाकारों के एक्सप्रेशन और स्टाइल काफी कमाल के लग रहे हैं।

**लोकगीत को टी-सीरीज में दिलाई पहचानः** बैतूल जिले के सुप्रसिद्ध राष्टीय लोक गायक राजेश सरियाम ने स्वर कैसेट बैतूल से अपनी गायकी के क्षेत्र में पहचान बनाई। आकाशवाणी और दूरदर्शन कलाकार होने के साथ-साथ बैतूल के लोक संगीत को टी सीरीज में पहचान दिलाने वाले और फिल्म में अपनी की गायकी की पहचान बनाने वाले राजेश के जबरदस्त धमाकेदार गीत आज ग्रामीण क्षेत्रों में धमाल मचा रहे है।

**चिचोली जोड़ पे आ जाना को 15 दिन में मिले दो लाख व्यूजः** गौरतलब है कि राजेश का लोक गीत चिचोली जोड़ पे आ जाना मात्र कुछ ही दिन में लगभग तीन लाख का आंकड़ा पार करते नजर आ रहा है। जिले की संस्कृति को और यहां के संगीत को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दिलाने वाले राजेश सरियाम के गीतों को संगीत से सजाया है सुप्रसिद्ध संगीतकार अखिलेश जैन ने, और इसके निर्माता निर्देशक है श्रीमती स्मिता मनोज लोखंडे।

**आदिवासी संस्कृति पर जल्द बनेगी फिल्मः** राजेश ने बताया जिले वासियों के

### जीजा साली, देवर भाभी, वारवाता गीत में एक्सप्रेशन और स्टाइल काफी कमाल

इस स्नेह को उन्होंने आशीर्वाद के रूप में स्वीकारा है और जल्दी एक से बढ़कर एक जबरदस्त आदिवासी गीत के साथ हिंदी गीतों का भी तोहफा जिले वासियों को देंगे। इसी के साथ आदिवासी संस्कृति के ऊपर संपूर्ण रिसर्च के बाद आदिवासी समाज के बुजुर्ग सदस्यों से विचार विमर्श कर आदिवासी संस्कृति के ऊपर एक फिल्म जल्द ही बनाई जाएगी और इन्हीं गीतों को फिल्म में सजाया जाएगा। अतिशीघ्र आदिवासी कलाकारों का चयन कर फिल्म का निर्माण शुरू किया जाएगा। संपूर्ण श्रोताओं का राजेश ने दिल से धन्यवाद दिया है।

**चेनल बना लाखो लोगो की पसन्दः** उल्लेखनीय है कि लोकगीतों का प्रसारण यूट्यूब पर आदिवासी फोक स्टूडियो के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। आदिवासी पारंपरिक गीतों को एक अलग पहचान दिलाने के लिए बैतूल से शुरू किया गया यूट्यूब चैनल आदिवासी फोक स्टूडियो लाखों लोगों की पसंद बन चुका है। आदिवासी पारम्परिक गीतों को लेकर शुरू किए गए इस चैनल के गीतों को आदिवासी युवा वर्गों के साथ ही अन्य समाज के युवा भी इसे जमकर पसंद कर



अखिलेश जैन,संगीतकार



राजेश सरियाम,गीतकार

रहे है। यही वजह है कि पिछले कुछ ही दिनों में लाखो लोग चेनल को देख चुके है। चेनल पर सभी लोकगीत लोगो के बीच काफी वायरल हो रहा है।। इस चनल पर दिखाई दे रहे गाने जहां सुनने में बहुत ही मीठे और मधुर है तो इसका सुंदर फिल्माकंन इन गानों पर चार चांद लगा रहा है। यही वजह है कि गीत, संगीत और सुंदर फिल्माकंन लोगो को जमकर पसन्द आ रहा है।

### यह है उद्देश्य

राजेश सरियाम ने बताया चेनल का उद्देश्य उन सभी आदिवासी पारम्परिक लोक गीतों को बढ़ावा देना है जो कि आज तक लोगो के सामने नही आ पाए है, और धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर है। चेनल में प्रमुख गीतों का कलेक्शन, गायन और विशेष सहयोग राजेश सरियाम का है। उन्होंने बताया कि हम इस चैनल के माध्यम से लोकगीतों को एक अलग पहचान दिलाने एवं कलाकारों को उचित स्थान दिलाने के साथ-साथ आदिवासी रीति रिवाज परंपरा को संजोए रखने के लिए चैनल पर काम कर रहे है। जिसमें समस्त आदिवासी समाज के रीति-रिवाजों के गीत के साथ-साथ समाज में होने वाले संस्कार को फिल्मों और गीतों के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी संस्कृति से रूबरू हो। साथ ही मनोरंजन और नाचने झूमने के लिए भी इसमे धमाल गीत लाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास भी आदिवासी संस्कृति से संबंधित गीत या कलेक्शन है तो उनसे संपर्क कर सकते हैं, उसे यूट्यूब चैनल पर प्रसारित करेंगे ताकि आपके पास जो समाज से संबंधित जानकारी है सभी के पास पहुंच सके।

### नए आनंद की हो रही अनुभूतिःअखलेश जैन

संगीतकार अखलेश जैन ने बताया कि फोक पर काम कर एक नए आनंद की अनुभूति होती है जो कि आज के इस संगीत और गायन में नही दिखाई देती है। चेनल में निर्माता निर्देशक की भूमिका निभा रही स्मिता मनोज लोखंडे का कहना है कि ये चेनल आदिवासी समाज के लोक पारम्परिक गीतों और परंपराओं को सहेजने का प्रयास है। अभी तक चेनल पर दिखाए गए सभी गानों को लोग पसन्द कर रहे है उम्मीद है आगे भी पसन्द करेंगे।

### कलाकारों को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

राजेश ने बताया बैतूल जैसे छोटे से शहर में फ़िल्म और इससे जुड़े लोगों ने यहां के कलाकारों को समय-समय पर मौका दिया है और इसका कलाकारों को अच्छा खासा प्रतिसाद भी मिला है। उम्मीद है आदिवासियों की परंपराओं और लोक गीतों पर आधारित इस चैनल को भी लोकजन अच्छा सम्मान देंगे, जिससे हम हमारी आदिवासी संस्कृति को सम्पूर्ण देश ही नही विदेश तक एक अलग पहचान दिला पाएंगे।

# MP उप चुनावः कांग्रेस को 4 नई तहसील बनाने की घोषणा पर आपत्ति

## *निर्वाचन आयोग से शिकायत, टीकमगढ़ और निवाड़ी कलेक्टर को हटाने की मांग*

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले 4 उप चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। कांग्रेस ने पहली शिकायत में टीकमगढ़ और निवाड़ी कलेक्टर को हटाने की मांग करते हुए कहा है कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र दोनों ही जिलों में आता है। उपचुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 29 सितंबर को पृथ्वीपुर में चुनावी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। कांग्रेस के महामंत्री व चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया का आरोप है कि मुख्यमंत्री के दौरे के समय




टीकमगढ़ व निवाड़ी जिले के कलेक्टरों ने पंचायतों के सचिवों, सरपंचों और अन्य अधिकारियों की ड्यूटी सीएम की अगवानी में लगा रखी थी। यह आचार संहिता का सीधा उल्लंघन है। इसलिए दोनों ही कलेक्टर को तत्काल हटाया जाए। कांग्रेस ने इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत दी है। एक अन्य शिकायत में आयोग से कांग्रेस ने कहा है कि आचार संहिता लागू होने एवं चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद 4 नई तहसीलों के गठन को मंजूरी शिवराज कैबिनेट ने दी है। चुनाव आयोग ने चार चुनावों के लिए 28 सितंबर को सुबह 10 बजे चुनाव कार्यक्रम घोषित कर लिया था, जबकि शिवराज सरकार ने उसी दिन शाम को हुई कैबिनेट बैठक में खंडवा जिले के मूंदी और किल्लौद तथा बुरहानपुर जिले के धूलकोट, टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा को तहसील बनाने का निर्णय लिया है।

**महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ने सौंपा ज्ञापन**

# लगातार हो रही बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए



जबलपुर महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के तत्वधान में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश शासन भोपाल पुलिस महानिदेशक भोपाल मध्य प्रदेश पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम मध्य प्रदेश सरकार ढुलमुल लचीला कानून व्यवस्था के चलते लगातार नाबालिक बेटियां एवं युवतियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं अपराधियों के इतने हौसले बुलंद हो चुके हैं कि लोगों को लूटा जा रहा है हत्याओं को अंजाम दिया जा रहा है उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ने आज ज्ञापन सौंपा जिसमें महिला पुलिस को सशक्तिकरण करने के मध्य प्रदेश में हो रहे लगातार नाबालिक बच्ची के साथ बलात्कार उन पर अंकुश लगाया जाए और मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया जाए आज के कार्यक्रम में महाकोशल राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्र कुमार कुलस्ते राष्ट्रीय महासचिव युवा प्रभारी आशीष शुक्ला युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुमित तिवारी जबलपुर संभाग जबलपुर के अध्यक्ष प्रतीक साहू जिले के जिला अध्यक्ष शेखावत खान जिला उपाध्यक्ष संदीप आनंद जिला उपाध्यक्ष राहुल मोइत्रा और यशवर्धन मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# MP में बारिश: भोपाल में दोपहर बाद तेज बरसात



**अशोकनगर में बिजली गिरने से महिला की मौत; इंदौर समेत 20 जिलों में रिमझिम**

**भोपाल।** वातावरण में लगातार नमी के कारण मध्यप्रदेश में अब भी बारिश हो रही है। गुरुवार को दोपहर बाद भोपाल में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। दिन में तेज धूप ने लोगों को परेशान किया, लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। इधर, अशोकनगर में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान इंदौर, सागर समेत 11 जिलों में गरज-चमक के बारिश होने की संभावना जताई है। इसे साथ ही जबलपुर और इंदौर समेत 10 जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होगी।

**यहां बारिश होने संभावना:** मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के करीब 11 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। बालाघाट, सिंगरौली, सीधी, सागर, नरसिंहपुर, डिंडोरी, उमरिया, दमोह, अशोक नगर, गुना और विदिशा जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। वहीं, प्रदेश के करीब 10 जिलों में भी गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। रीवा, सागर, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन, और इंदौर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बारिश रहेगी।

### यहां पानी गिरा

मध्यप्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान अनूपपुर के बेनीबारी और मंडला में 1.5-1.5 इंच, बिछिया, डिंडोरी के सिटी, मेहदवनी, कटनी के बड़वारा में 1 इंच तक पानी गिरा। वहीं, पन्ना, सागर, छतरपुर, सतना, रीवा, जबलपुर, उमरिया, निवाड़ी, दमोह, शहडोल, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ में बारिश हुई।

5 अक्टूबर तक बारिश होगी गुजरात और राजस्थान से लगे 5 जिलों में मध्यम से तेज बारिश होगी। इसके साथ ही 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर के बीच प्रदेश भर में बारिश होगी। हालांकि यह सिस्टम ज्यादा मजबूत नहीं है। कुछ जिलों में तेज बारिश जरूर हो सकती है, लेकिन भोपाल, जबलपुर और होशंगाबाद जिलों में पानी गिरने की ज्यादा उम्मीद नहीं है। यहां देर रात गरज-चमक के साथ रिमझिम की संभावना है।

**उज्जैन में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा-**

# राहुल गांधी के नाम और उनके कामों का प्रचार करे कांग्रेस, इससे भाजपा का काम आसान

**उज्जैन।** उज्जैन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित वैचारिक प्रबुद्धजन सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हम मोदी के नाम और काम पर प्रचार करते हैं, कांग्रेस भी राहुल गांधी के नाम और उनके कामों पर चुनाव प्रचार करे, किसने मना किया है। इससे हमारा काम आसान हो जाएगा। हम सभी चुनाव जीतेंगे। शर्मा ने कहा कांग्रेस नेता कमलनाथ कहां हैं, वे देश में हैं या विदेश में। यह बात कितने कांग्रेसी नेता जानते हैं। भाजपा अपने कामों और संगठन की शक्ति पर उपचुनाव जीतेगी। इसके लिए महाकाल का आशीर्वाद भी लेने जा रहा हूं। हीरा मिल की चाल स्थित महाकाल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के मौके पर बुधवार की शाम को आयोजित इस प्रबुद्धजन सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित शहर के कुछ प्रबुद्धजन व समाजसेवी भी मौजूद थे। आयोजन में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन, सत्यनारायण जटिया, बीजेपी शहर अध्यक्ष विवेक जोशी, बहादुरसिंह बोरमुंडला, कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी व सह कोषाध्यक्ष अनिल जैन कालूहेड़ा भी मौजूद थे।



### कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन

भीड़ का आलम ये था कि बड़ी संख्या में लोग सट कर बैठे थे। कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा था। किसी ने भी मास्क नहीं लगाया और सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं किया जा रहा था।

### कमजोर बच्चों को कराएंगे तैयारी

इस संबंध में जिला परियोजना अधिकारी केसिंह का कहना है कि भले ही स्कूल बंद थे, लेकिन बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई है। इसके बाद स्कूल खुलते ही तेजी से पढ़ाई कराई जा रही है। हमारा प्रयास रहा है कि तिमाही का कोर्स पूरा करा दिया जाए और ज्यादातर स्कूलों में हो गया है। इसके बाद भी तिमाही परीक्षा परिणाम के बाद कमजोर बच्चों की छटनी की जाएगी और उन्हें छूटे हुए अध्यायों को रेमिडियल कक्षाएं लगाकर पढ़ाई कराई जाएगी। जिससे उनका पूरा कोर्स कम्पलीट हो जाए। इस साल हर सप्ताह बच्चों के ऑनलाइन टेस्ट भी लिए जा रहे हैं।

## सरकारी स्कूलों में पढ़ाई हुई नहीं तिमाही परीक्षाएं शुरू



*विदिशा। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षाएं शुरू करा दी हैं, लेकिन तिमाही परीक्षा के हिसाब से अभी तक विद्यार्थियों की पढ़ाई नहीं हो सकी। जिसके चलते परीक्षार्थी पूरा प्रश्न पत्र हल नहीं कर पा रहे हैं। परीक्षार्थियों को आशंका बनी हुई है कि पिछले साल की तरह यदि परीक्षा परिणाम तैयार करने की स्थिति बनी तो उन्हें सही अंक नहीं मिल सकेंगे। बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले 17 माह तक स्कूलों में ताले लटके रहे। लंबे समय बाद पिछले माह से ही धीरे-धीरे स्कूलों में पढ़ाई शुरू कराई गई है। हालात यह हैं कि अभी तक 100 फीसद बच्चे भी स्कूल नहीं पहुंच सके। शिक्षकों का कहना है कि सही मायने में अभी तिमाही के हिसाब से पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया जा सका है और परीक्षाएं शुरू कर दी गई हैं जिसमें तिमाही के हिसाब से ही प्रश्न पत्र तैयार हुआ है। जिसके चलते ज्यादातर बच्चे सभी प्रश्नों को हल नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में परीक्षार्थियों का कहना है कि अभी तक अधिकांश तीन से चार अध्याय तक ही हर विषय में पढ़ाई कराई गई है। जबकि 6 से अधिक अध्याय तक के प्रश्न पूछे जा रहे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर बरईपुरा हासे स्कूल, एमएलबी स्कूल के विद्यार्थियों ने बताया कि अब तो पढ़ाई की शुरूआत हुई है और परीक्षाएं शुरू करा दी गई हैं। तिमाही परीक्षाएं अगले माह होना चाहिए थीं। जिससे कम से कम वह पूरे प्रश्न हल कर पाते।*

## स्मार्ट सिटी योजना के तहत अब तक नहीं बन सकी पार्किंग

**गंजबासौदा।** नगर में पार्किंग व्यवस्था के अभाव में वाहन रोड पर ही खड़े रहते है। जिससे रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। नगर के प्रमुख मार्गों से लेकर मुख्य चौराहों तक पार्किंग व्यवस्था की समस्या है। जब नगर में कोई चार पहिया वाहन प्रवेश करता है तब तो समस्या और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में दो पहिया वाहन चालक तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कभी कभी वाहन निकालने की बात पर रहवासियों में विवाद तक हो जाता है।

**इन जगहों पर होती अधिक परेशानी:** स्टेशन रोड स्थित एसबीआई बैंक के बाहर,सहाकारी बैंक के सामने, जय स्तंभ पर बनी यातायात चौकी से लग कर,बरेठ रोड स्थित अनेक दुकान और अन्य बैंकों के सामने रोजना इस तरह से दो पहिया खड़े होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## फैक्ट्रियों में मिला मच्छरों का लार्वा, एक दिन में मिले 10 डेंगू पाजिटिव

**गुना।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र कुशमौदा में फैक्ट्रियों के भीतर मच्छरों का लार्वा मिलने के बाद कर्मचारियों में हडकंप मच गया। हालात यह हैं कि मां शक्ति बैल्डिंग के अंदर रखी बाल्टियों में मच्छरों का लार्वा बड़ी तादाद में मिला। उधर, आनंद बेकरी के अंदर खुले में टीम ने सर्वे किया। इस दौरान खाली पड़े बर्तनों में डेंगू मलेरिया का लार्वा मिला है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने खाली बर्तनों को मौके से हटवाया। वहीं एक दिन के भीतर 10 डेंगू पॉजिटिव मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी हरकत में हैं। बजरंगगढ़ और



हाईरिस्क जोन हड्डीमिल में डेंगू पॉजिटिवों की संख्या बढ़ती जा रही है। कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. ने बताया कि गुरुवार को चौधरी मोहल्ला, तलैया मोहल्ला में मलेरिया विभाग की टीमों ने फीवर सर्वे किया। इस दौरान इंडस्ट्रीज एरिया में डेंगू पॉजिटिव के घर के आसपास बड़ी मात्रा में लार्वा मिलने के बाद डॉक्टर और टीम के सदस्यों के पसीने छूट गए। हालत यह थे कि आनंद बेकरी के अंदर खुले में टीम ने सर्वे किया, तो काफी बेकार बड़े बर्तनों में डेंगू मलेरिया का लार्वा मिला। मौके पर ही टीमों ने कर्मचारियों ने बर्तनों को खाली करवाकर हटवाया। उधर तलैया मोहल्ला में में 74 घरों का फीवर सर्वे किया गया, इस दौरान 14 घरों में मच्छरों का लार्वा मिला है। साथ ही इन घरों में पानी से भरे बर्तनों में 19 घरों में मच्छरों का लार्वा मौके पर मिला है, जिसकों मौके पर ही नष्ट किया गया।

## बच्चे स्कूल की चौखट पर लेकिन शिक्षक गायब



**सिरोंज।** कोरोना काल में लंबे समय बाद शासन ने प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को खोलने के आदेश दिए ताकि बच्चों के भविष्य पर इसका असर न हो लेकिन स्कूलों में बच्चों का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी जिन पर है वह उन बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्कूल खुलने के बाद बच्चे तो कक्षाओं में पहुंच रहे हैं लेकिन शिक्षक गायब हैं। सिरोंज जन शिक्षा केंद्र गरेठा के अंतर्गत आने वाला शासकीय प्राथमिक शाला एवं सेमल खेड़ी पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम चकना में प्राथमिक शालाओं में ताला लगा हुआ था। बुधवार दोपहर 12 बजे जब शाला के बाहर बच्चे खेल रहे थे, जब बच्चों से पूछा तो उन्होंने बताया कि यहां पर शिक्षक समय पर ही नहीं आते, एक दिन पहले भी नहीं आए थे। बच्चे खेलकर वापस घर चले जाते हैं। मजीदपुर के बच्चों ने बताया कि पिछले 10 दिनों मे सिर्फ 2 से 3 दिन ही यहां पर शिक्षक आए हैं। बच्चे यहां पर खेलते हुए मिले और विद्यालय के गेटों पर ताला लगा हुआ मिला। एक तरफ शासन शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों करोड़ों रुपए का खर्च कर रही है और शिक्षकों को महीने की मोटी मोटी वेतन सरकार से लेने के बाद भी शिक्षक पूर्ण ईमानदारी से अपना कार्य नहीं करते। शासकीय विद्यालयों में शिक्षक पढ़ाने नहीं जा रहे, निगरानी नहीं होने से लापरवाही बढ़ती जा रही है।

# खाली पड़े प्लाट मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू

**गंजबासौदा।** शहर के अधिकांश वार्ड में कई लोगों ने प्लाट खरीदकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे बारिश का पानी इन खाली प्लाटों में भरा रहता है, इस कारण ये खाली प्लाट तालाब बन गए हैं, गंदा पानी मोहल्ले में दुर्गंध तो फैला ही रहा है साथ ही लोग मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी गंदे पानी निकासी के लिए लोगों ने पार्षद से लेकर नगरपालिका सीएमओ को लिखित शिकायत दी है। लोगों की शिकायत और डेंगू मलेरिया के चलते नपा कि ओर से खाली प्लाटों के मालिकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। वहीं नपा ने करीब 10 लोगों पर 200 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से जुर्माना लगा दिया है,साथ ही संबंधित लोगों से जल्द से जल्द प्लाट में मटेरियल डलवाने को कहा गया है। नगर पालिका के स्थ्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने बताया कि नपा कि ओर से अधिकश लोगों को नोटिस काफी समय पहले दे दिए गए थे। और करीब 10 लोगों पर 200 रुपये प्रति के हिसाब से जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई लोग है जिनकी जानकारी नहीं मिल पाती कि किसका प्लाट है क्योंकि अधिकांश लोग शहर से बाहर रहते हैं उनका पता नहीं मिलने से इन लोगों को नोटिस भेजने में भी परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि जिन वार्डों में खाली प्लाट हैं उन प्लाटों में दवा का छिड़काव भी करवा दिया जाता है जिससे की आस पास रहने वाले लोगों को परेशानी न हो।



### स्थानीय लोगों ने की थी शिकायत

*मालूम हो कि शहर में अधिकांश वार्डों में इस तहर से खाली प्लाट है जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने नपा पहुंचकर नपा के अधिकारियों से शिकायत की थी। स्थानीय लोगों को सबसे अधिक परेशानी बारिश के समय होती है वहीं इस गंदे पानी में मच्छर पनपने से लोगों को बीमारी का हमेशा भय बना रहता है। लोगों का कहना है नपा हरबार केवल संबंधित लोगों को नोटिस जारी करती है कभी इन लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है।*

## रात्रि में पुलिस ने बस स्टैंड पर शुरू किया वाहन चेकिंग अभियान

**बेगमगंज।** सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या और वाहनों के माध्यम से किए जा रहे अवैध कार्यों के कारण पुलिस द्वारा रात्रि में बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान शुरू किया गया जिसमें दोपहिया चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई। जो लोग मास्क नहीं लगाए थे यह हेलमेट नहीं लगाए हुए थे उन्हें समझाइश देकर छोड़ दिया। पुलिस ने बगैर नंबर की मोटरसाइकिल एवं जीप कार ऑटो टैक्सी की जांच की है। जिन गाड़ियों पर नंबर नहीं थे या जिन्होंने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं लिया है उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें 500-500 का जुर्माना किया गया तो वाहन चालक पैसे नहीं होने का बहाना बनाते नजर आए। कुछ आरजू मिन्नात करते रहे। आपराधिक प्रवृति के लोग जो नशा करके तेज गति से सड़क पर वाहन लहराते फिरते हैं जब तक चेकिंग अभियान चलता रहा तब तक इस तरह के लोग सड़क पर नजर नहीं आए। चेकिंग अभियान बंद होते ही वे वाहनों की अठखेलियां करते हुए निकले। इस संबंध में एसडीओपी सुनील बरकड़े का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर ऐसे असामाजिक तत्वों जो तेज गति में लहराते हुए नशे की हालत में वाहन चलाते हैं पुलिस को देख कर छुप जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुत्र के गैरजिम्मेदार होने से दुखी मां ने पटरी पर सिर रखकर दी जान

**दीवानगंज।** सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राताताल‌ाई निवासी हल्कीबाई पत्नी गोपाल सिंह मीना उम्र 55 वर्ष ने गुरुवार को दोपहर पटरी पर सिर रखकर ट्रेन से कटकर जान दे दी है। बताया जाता है कि उसका छोटा बेटा संजीव मीना की पांच माह पूर्व शादी का रिश्ता टूट जाने से दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली थी। तब से मां हल्कीबाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका बड़ा बेटा राजेंद्र उर्फ राजेश मीना सलामतपुर में चाय-नाश्ता की दुकान चलाता है। बड़े बेटा के गैरजिम्मेदार रवैए से मां दुखी थी। वह मां को अपने पास नहीं रखता था इस कारण हल्कीबाई अपने भाई भैयालाल मीना के घर बढ़नपुर गांव में रह रही थी। प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर 2:20 बजे सलामतपुर स्टेशन क पाइंटमैन चंद्रप्रकाश पांडे ने सूचना दी कि दिल्ली-मुंबई अप ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी देवेंद्र पाल सिंह अमले के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रैक पर महिला का सिर कटकर अलग पड़ा हुआ था। सिंह ने बताया कि हल्कीबाई अप्ट्रैक के खंभा नंबर 874.29 की पटरी पर सिर रखकर लेट गई थी। तभी गोरखपुर से मुंबई जा रही गोरखपुर-मुंबई एलटीटी स्पेशल ट्रेन 02104 के निकलने से महिला की गर्दन कट गई। मर्ग कायम करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया है। उनके परिजनों ने पूछताछ में बताया कि हल्कीबाई के दो पुत्र व एक पुत्री है। उनके पति की मौत काफी समय पहले हो गई है। बड़ा बेटा व लड़की की शादी पहले हो चुकी है। पांच माह पहले छोटे बेटे संजीव की शादी का रिश्ता तय हुआ था। परंतु किसी कारणवश संजीव का रिश्ता टूट गया और दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली थी। तब से ही मां हल्कीबाई की मानसिक हालत बिगड़ गई थी।

## दीवानगंज में पाइपलाइन में लीकेज से व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

**दीवानगंज।** कस्बा दीवानगंज में पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। इसके बावजूद हजारों लीटर पानी रोजाना व्यर्थ बह रहा है। कस्बा की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज होने से पानी बहता है। ग्राम पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिधियों को पानी की यह बर्बादी नजर नहीं आ रही है। फैक्ट्री चौराहा पर पाइपलाइन में कई जगह लीकेज है। जिसके कारण रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। आम जनता को पीने के पानी की पूर्ती नहीं हो रही गांव के लोग परेशान हो चुके हैं। इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गांव के लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से चल रही है। कई इलाकों में लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहें हैं, लेकिन यहां पानी की बर्बादी हो रही है। यह जल सप्लाई विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। फैक्ट्री चौराहा की पाइप लाइन कई वर्ष पहले बिछाई गई थी। जिसमें जंग लगने के कारण पाइपलाइन फूट गई है। पंचायत के कर्मचारी तो कई बार 2 से 3 दिन में पानी देते हैं जिस कारण फैक्ट्री चौराहे के लोग परेशान हो रहे हैं। कभी-कभी तो कर्मचारी शाम 8 बजे से लाइन चालू करते हैं तो सुबह 8 बजे तक चलती रहती है।

# आधी कीमत पर बिक रहा सोयाबीन, नीलामी निरस्त करा रहे किसान

*बेगमगंज। सोयाबीन और उड़द की उपज आने के बाद क्षेत्र के किसान मंडी में भाव सुनकर नीलामी निरस्त कराकर वापस जा रहे हैं। कुछ किसान मजबूरी में बेच रहे हैं। किसानों ने प्राकृतिक आपदाओं के चलते पिछले वर्ष जहां करीब 55 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की उपज ली थी। वहीं इस बार किसानों का रुझान धान की तरफ बढ़ा और मात्र करीब 10 हजार हेक्टेयर में ही सोयाबीन की उपज ली।*

जो प्राकृतिक आपदाओं कभी पानी नहीं गिरना, कभी अधिक वर्षा और कभी पीला मोजेक और अनेक कीट व्याधियों के कारण परेशानी में रहे। तो कुछ इलाकों में अफलन की स्थिति और गलन की स्थिति भी सामने आई।

इसके बावजूद जो उपज निकल रही है उसे बेचने जब वह कृषि उपज मंडी पहुंच रहे हैं तो वहां पर उनकी उपज 5000 से लेकर 53 सौ रुपये तक नीलामी में बोली लगाई जा रही है। जिसमें मजबूर किसान तो अपनी उपज आधे दामों में बेची रहे हैं वहीं कई किसान अपनी उपज नीलामी निरस्त करा कर वापस ले जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि सोयाबीन गीली और कचरा मिली हुई आ रही है। वही किसान कह रहे हैं कि थ्रेसिंग करके सीधे मंडी लेकर आए हैं इतनी अधिक गीली नहीं है। कुछ किसानों की उपज नीलामी में 5000 के



करीब बोली लगाकर बोली समाप्त कराई गई। तुलाई के बाद भुगतान करते समय उससे कम दाम देने की शिकायत पर विवाद भी सामने आ चुके हैं। व्यापारियों के अपने तर्क हैं। ऊपर सोयाबीन सही दिखाया गया, लेकिन अंदर कचरा निकल रहा है। इसलिए कचरे के पैसे कम करके दिए जा रहे हैं। कुछ व्यापारियों के द्वारा 300 रुपये क्विंटल कम करने पर किसान अपनी उपज वापस लेकर भी जा चुके हैं। उसकी शिकायत मंडी प्रशासन को भी कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है।

**अचानक कम हुए भाव-** इस बार कृषि उपज मंडी में 10 हजार के रिकॉर्ड तक सोयाबीन बिका। एक माह पहले तक भी 7000 और 8000 रुपये क्विंटल बिक रहा था।

### किसानों और व्यापारियों के अपने-अपने तर्क-

किसान नेता सौरभ शर्मा का कहना है कि हर बार ही ऐसा होता है। जब किसान बीज खरीदता है तो दोगुने दाम होते हैं और जब उपज आने के बाद मंडी में नीलामी के लिए लाता है तो आधी कीमत हो जाती है। यह सब व्यापारियों की मनमानी के कारण होता है। वही व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय ओसवाल व प्रदीप जैन का कहना है कि सोयाबीन गीला और कचरायुक्त आ रहा है। जिसको सुखाने में 15 से 20 किलो वजन कम हो रहा है। यदि साफ और सूखा सोयाबीन आता है तो उसे अधिक दाम पर खरीदा जाएगा।

# जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 34 पद रिक्त

**रायसेन।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के गृहनगर के जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 34 पद खाली पड़े हुए हैं। सौ से अधिक बिस्तरों वाले इस अस्पताल में शासन की ओर से 39 विशेषज्ञ चिकित्सकों और 23 सामान्य चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। जिसमें से विशेषज्ञ चिकित्सकों के सिर्फ पांच पद भी भरे हैं, शेष पद रिक्त हैं। सामान्य चिकित्सकों के 23 पद भरे हुए तो हैं, परंतु उनमें से कुछ चिकित्सकों को स्वास्थ्य परियोजनाओं से संबंधित अन्य दायित्व सौंपे गए हैं। इस कारण यहां पर पदस्थ कुल 28 चिकित्सकों में मात्र 20 ही मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध रहते हैं। प्रतिदिन छह सौ मरीज यहां उपचार कराने आते हैं इस हिसाब से यहां पर पदस्थ चिकित्सकों को 30 से 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करना पड़ता है। हैरत की बात है कि यहां पर शिशु रोग विशेषज्ञ के छह पद है जो कि सभी खाली पड़े हैं। इसके अलावा मेडिसिन के पांच, स्त्री रोग के पांच, सर्जन के तीन, पैथालॉजी के तीन, अस्थि रोग के तीन तथा अन्य कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद रिक्त हैं।



### अपडाउन करने वाला स्टाफ देरी से आता है -

*जिला चिकित्सालय में पदस्थ अधिकांश चिकित्सक व स्टाफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी भोपाल व विदिशा से अपडाउन करता है। अपडाउन करने वाला स्टाफ अक्सर देरी से अस्पताल पहुंचता है। जब तक अपडाउन करने वाला स्टाफ नहीं आता तब तक मरीजों को कक्ष के बाहर इंतजार करना पड़ता है। कुछ चिकित्सक सुबह 9 बजे अपने कक्ष में उपस्थित नहीं होने का कारण वार्ड में राउंड लगाना बताते हैं। सुबह 10 बजे से सभी वार्ड में चिकित्सकों के राउंड लगाने का समय रहता है, लेकिन चिकित्सक 9 बजे से ही गायब रहते हैं।*

### कमियों को दूर कर रहे

जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुल स्वीकृत 39 पदों में से सिर्फ पांच की भरे हैं, जबकि 34 खाली हैं। 23 सामान्य चिकित्सकों में से कुछ का अवकाश रहता है तो कुछ को अन्य कार्य की जिम्मेदारी दी गई। इस तरह करीब 20 चिकित्सकों की उपस्थिति में ही मरीजों के उपचार की व्यवस्था की जा रही है। कमियों को दूर करने प्रयासरत हैं। ऑक्सीजन प्लांट तैयार है, कुछ तकनीकि कारणों से शुभारंभ नहीं हुआ है।
**- डॉ. एके शर्मा**, सिविल सर्जन।

## पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने किया चक्काजाम



**रायसेन।** पिछले एक सप्ताह से नगर के वार्ड चार गोपालपुर में पानी की आपूर्ति नहीं होने से परेशान रहवासियों ने बुधवार को सुबह 9 बजे हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। वार्ड के महिला-पुरुष रहवासी खाली बर्तन लेकर भोपाल-सांची राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर बैठ गए। नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सूचना मिलते ही नपा सीएमओ, एसडीएम व तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने समझाइश देकर रास्ता खुलवाया। तुरंत पानी का टैंकर भिजवाया और शाम तक नलों से जल सप्लाई कराने का आश्वासन दिया। सीएमओ आरडी शर्मा ने बताया कि हलाली पाइप लाइन में तकनीकि खराबी आ गई थी। जिस सुधारा गया है। करीब आधा घंटे तक चक्काजाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि पहले 15 दिनों तक नलों में पानी नहीं आया। जब लगातार शिकायत की तो दो-तीन दिन पानी आया और फिर एक सप्ताह से जल आपूर्ति बंद है। इस वार्ड में ज्यादातर मजबूर वर्ग के लोग निवास करते हैं। पानी के लिए लोगों को मजदूरी से वंचित होना पड़ता है। दूर खेतों के कुओं से पानी लाना पड़ता है।

# हथकड़ी से हाथ निकालकर थाने से फरार हुआ हत्या का सजायाफ्ता मुजरिम

**बेगमगंज।** बेगमगंज थाना में उस समय हड़कंप मच गया जब हत्या का सजायाफ्ता मुजरिम हथकड़ी में से हाथ निकालकर भाग गया। बताया जाता है कि तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश दिलीप सिंह मीणा ने मुल्जिम राजकुमार आदिवासी उम्र 23 वर्ष और उसके पिता भावसिंह आदिवासी 79 वर्ष को उनके पुत्र भागमल आदिवासी की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायालय से दोनों मुजरिमों को जेल पहुंचाने के लिए पुलिस अभिरक्षा में थाने ले जाया गया था। थाने में मुजरिमों के अंगुलियों के निशान इत्यादि लेने के बाद जिला जेल रायसेन पहुंचाने की तैयारी चल रही थी। शाम करीब 5:15 बजे थाना में पुलिसकर्मी जब




कागजी कार्रवाई में व्यस्त थे तभी मौका पाकर मुल्जिम राजकुमार हथकड़ी में से अपना हाथ निकालकर फरार हो गया। जबकि उसी हथकड़ी का दूसरा हिस्सा पिता के हाथ में लगा हुआ है। पिता ने पुत्र को भागने में मदद की है। जब तक पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते तब तक मुल्जिम राजकुमार आंखों से ओझल हो गया। पुलिस ने वायरलेस सेट पर मुल्जिम के फरार होने की सूचना अन्य पुलिसकर्मियों व गश्ती दल समेत थानों में दी है। लेकिन देर शाम तक मुल्जिम का कोई पता नहीं चला। एसपी विकास कुमार सहवाल का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है। जो पुलिसकर्मी दोषी होंगे उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन विवाद पर पिता ने की थी पुत्र की हत्या

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवनगर थाना अंतर्गत ग्राम चहलपुर में मुल्जिम भावसिंह आदिवासी ने जमीन विवाद पर अपने बड़े पुत्र भागमल की लाठियों से पीट कर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात में पिता का साथ उसके छोटे पुत्र मुल्जिम राजकुमार ने भी दिया था। घटना 17 जून 2020 के रात 10 बजे की है। घटना की चश्मदीद गवाह मृतक की पत्नी सीमाबाई थी। तब पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के उपरांत तृतीय अपर सत्र न्यायालय बेगमगंज में प्रस्तुत किया गया था। शासन की ओर से पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक बद्री विशाल गुप्ता ने बताया कि दोनों पिता-पुत्र को साक्षीगणों के साक्?य के उपरांत अपराध सिद्ध होने पर बुधवार को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई थी। सजा के उपरांत दोनों मुल्जिमों को पुलिस अभिरक्षा में थाने ले जाया गया था।

संपादकीय

## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में चार नए मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखी



**रेनू तिवारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के बांसवाड़ा, सिरोही, हनुमानगढ़ और दौसा जिलों में चार नए मेडिकल कॉलेज की आधारशिला, वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के बांसवाड़ा, सिरोही, हनुमानगढ़ और दौसा जिलों में चार नए मेडिकल कॉलेज की आधारशिला, वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से रखी। इसके साथ ही मोदी ने जयपुर स्थित पेट्रोरसायन प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) काउद्घाटन भी किया। मोदी ने रिमोट बटन के जरिए इन संस्थानों की आधारशिला रखी और सिपेट का उद्घाटन किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को बदलने के लिए एक नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति पर काम कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान से आयुष्मान भारत और अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन आदि इसी का हिस्सा हैं। इस महामारी ने दुनिया भर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत कुछ सिखाया है। हर देश इस संकट से अपने-अपने तरीके से निपटने में लगा हुआ है। भारत ने इस दौरान अपनी ताकत, आत्मनिर्भरता बढ़ाने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कुशल जनशक्ति का प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं में देखने को मिल रहा है। महामारी के दौरान इसका महत्व अधिक महसूस किया गया। जिसके परिणामस्वरूप, केंद्र ने मुफ्त टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया और जारी रखा है। आज भारत ने 88 करोड़ से अधिक की वैक्सीन दी। उन्होंने कहा हाल ही में लॉन्च किया गया आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन देश के हर कोने में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में मदद करेगा। अच्छे अस्पतालों, प्रयोगशालाओं, फार्मेसियों आदि तक पहुंच बस एक क्लिक की दूरी पर होगी।

# आगे बढ़ते भारत में बंद का आयोजन करने वाली ताकतें चाहती क्या हैं ?

**ललित गर्ग**



आंदोलन से उपजी समस्याओं से सुप्रीम कोर्ट भी अवगत है, लेकिन समझना कठिन है कि वह कोई फैसला सुनाने से क्यों बच रहा है? वह न तो किसान संगठनों की ओर से सड़कों को बाधित किए जाने का संज्ञान ले रहा है और न ही कृषि कानूनों की समीक्षा करने वाली समिति की रपट का। केन्द्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान यूनियनों का भारत बंद एक बाद फिर आम जनता के लिये परेशानियों का सबब बना।

हाइवे रोके गये, रेल की पटरियों पर प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात को अवरुद्ध किया। जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ, परेशानियों के बीच आम आदमी का जीवन थमा ही नहीं, कड़वे अनुभवों का अहसास बना। जो जनता को दर्द दें, उनकी परेशानियां बढ़ायें, उन्हें किस तरह लोकतांत्रिक कहां जा सकता है? विभिन्न किसान संगठनों ने भारत बंद के नाम पर एक बार फिर लोगों को बंधक बनाने वाली राजनीति का परिचय दिया है। यह कैसी राजनीतिक मानसिकता है जो आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा परेशान करने पर आमादा है। यह और कुछ नहीं, एक तरह की हठधर्मिता ही है। इस हठधर्मिता ने एक विकृत राजनीति का रूप धारण कर लिया है। किसान संगठन यह अच्छी तरह जान रहे हैं कि उनके धरना-प्रदर्शन और खासकर सड़कों को घेर कर बैठने से आवागमन के साथ लोगों की रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ रहा है, लेकिन वे अपनी जिद छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। आंदोलनरत किसान संगठनों को समर्थन देने वाले राजनीतिक दल भी यह भली तरह समझ रहे हैं कि यह आंदोलन आम लोगों के साथ उद्योग-व्यापार जगत के लिए परेशानियों का कारण बन गया है, लेकिन वे अपने तथाकथित राजनीतिक लाभ के लिये अराजकता पैदा करने वाले इस तथाकथित आंदोलन को तूल दे रहे हैं। किसान आंदोलन को चलते हुए अब तीन सौ दिन हो गये हैं, इस अवधि में राजधानी के प्रवेश की तीनों सीमाओं के राजमार्गों पर तम्बू गाड़ कर बैठे इन किसानों ने सड़क यातायात इतनी लम्बी अवधि से बाधित किया हुआ है। इन बड़ी एवं परेशान करने वाली बाधाओं के बावजूद सरकार व किसान संगठनों की बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचना शासन एवं प्रशासन में लोकतांत्रिक मूल्यों का उपहास है। किसानों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस 27 सितम्बर को भारत बन्द का आयोजन किया।

# कांग्रेस छोड़ने की बात कहने वाले कैप्टन अमरिंदर का क्या है प्लान

**अनुराग गुप्ता**



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और फिर गुरुवार सुबह एनएसए अजीत डोभाल से मिले। जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा छिड़ गई की कैप्टन अमरिंदर जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। ऐसा इसलिए भी था क्योंकि उन्होंने भविष्य की राजनीति से जुड़े सवाल पर चुप्पी साध ली थी और अभी तक कोई भी पत्ता नहीं खोला है।

### क्या भाजपा में शामिल होंगे कैप्टन ?

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में स्पष्ट कर दिया कि वह अब कांग्रेस में नहीं रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है मैं इस तरह से अपमान नहीं सह सकता हूं। जिस तरीके से मेरे साथ बर्ताव हुआ है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा ज्वाइन नहीं कर रहा हूं लेकिन मैं कांग्रेस को छोड़ दूंगा। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि भले ही अब वो पंजाब के मुख्यमंत्री नहीं है लेकिन पंजाब अभी भी उनका ही है। इसीलिए उन्होंने अमित शाह और अजीत डोभाल से बातचीत की।

### क्या कैप्टन करेंगे सोनिया गांधी से मुलाकात ?

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ और अंबिका सोनी लगातार कैप्टन अमरिंदर सिंह की सोनिया गांधी से मुलाकात कराने की कोशिशें कर रही हैं लेकिन कैप्टन अमरिंदर दो दिन से दिल्ली में होने के बावजूद अब मिलने के लिए तैयार नहीं हैं। हालांकि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है क्योंकि कैप्टन अमरिंदर अपने पत्ते पूरी तरह से नहीं खोल रहे हैं।

### नए संगठन का हो सकता है ऐलान

माना जा रहा है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह गांधी जयंती के अवसर पर गैर-राजनीतिक संगठन का ऐलान कर सकते हैं। जिसके माध्यम से वह पंजाब का नया अध्याय लिखेंगे। भले ही कैप्टन अमरिंदर ने अमित शाह के साथ बुधवार को बंद कमरे में 45 मिनट की मुलाकात की और आगे भी मुलाकात कर सकते हैं लेकिन वो भाजपा में शामिल नहीं होंगे क्योंकि कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहा किसान आंदोलन पंजाब से ही शुरू हुआ था और उन्होंने ही किसानों को प्रमोट किया था।

## महंत नरेंद्र गिरी के उत्तराधिकारी होंगे बलबीर गिरी

**अनुराग गुप्ता।**

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय अखाड़ परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के निधन के बाद बलबीर गिरी को उनका उत्तराधिकारी घोषित कर दिया गया है। इसी के साथ ही बलबीर गिरी अब बाघंबरी मठ के महंत होंगे। आपको बता दें कि



महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी ने घोषणा की कि बलबीर गिरी महंत नरेंद्र गिरी के उत्तराधिकारी होंगे। निरंजनी अखाड़े के पंचों की बैठक में बलबीर गिरी को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय अखाड़ परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। हालांकि बाद में 8 पन्नों का सुसाइड नोट भी सामने आया था। जिसके आधार पर पुलिस ने आनंद गिरी, अद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी को गिरफ्तार कर लिया था।

# क्या हिन्दू धर्म अथवा सनातन धर्म पर कभी कोई खतरा आ सकता है ?

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**

हिन्दूधर्म में ऐसा क्या है जिसके कारण वह सनातन है, वह न तो खतरे में पड़ सकता है और न ही नष्ट हो सकता है। सनातन का अर्थ है जो सदैव से है और सदैव रहेगा। जिसका न प्रारंभ है और न ही अंत है और जो सदैव नवीन बना रहता है। जब फारस की ओर से लोग भारत आए तो सिंधु नदी के इस पार रहने वालों को उन्होंने हिंदू कहना शुरू कर दिया और उनके धर्म को हिंदू धर्म कहने लगे। इसलिए भौगोलिक आधार पर नामकरण 'हिंदू धर्म' हो गया।

इसके पहले, इस धर्म की विशेषताओं के कारण इसका नाम सनातन धर्म था, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह धर्म सदैव से है और सदैव रहेगा। हर धर्मावलम्बी अपने धर्म पर गर्व करते हुए उसे सर्वोत्कृष्ट मानते हैं। इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि आर्यों ने भी अपने आस्था और विश्वास के कारण अपने धर्म को सनातन कहना शुरू कर दिया होगा, परन्तु गहराई से विचार करने पर पता चलता है कि हिन्दू धर्म जिन तथ्यों और




सिद्धांतों पर आधारित हैं वे मानव निर्मित नहीं हैं, वे इस सृष्टि में स्वमेव अस्तित्व में आए हैं। यह सृष्टि का स्वाभाविक धर्म है, इसलिए सनातन है। पहले विज्ञान की बात करें। प्रकृति के नियम स्वमेव पैदा हुए हैं। प्रकृति उन्हीं नियमों से चलती है, भले ही हम उन्हें जानें या न जानें। प्रकृति के इन्हीं नियमों की खोज विज्ञान है। जब हम गुरुत्वाकर्षण नियम नहीं जानते थे तब भी पेड़ से टूटा फल जमीन पर ही गिरता था। नियम जाने बिना भी पक्षी आसमान में उड़ते थे। विज्ञान के नियम इस ब्रह्माण्ड में सार्वभौमिक हैं। अमेरिका और भारत का भौतिक विज्ञान एक है। अफ्रीका और यूरोप का रसायनशास्त्र भी एक है। पूरी पृथ्वी पर जीव विज्ञान एक ही है। कोई यह नहीं कह सकता कि मुझे वर्तमान भौतिकी के नियमों पर विश्वास नहीं है मैं तो अपनी भौतिकी अलग से बनाऊँगा। यह विश्वास की बात नहीं है, अनुभव की बात है कि विज्ञान सर्वत्र एक-सा है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफेन हॉकिंग ने अपनी विख्यात पुस्तक ''अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम'' में लिखा है कि आज से लगभग 1350 करोड़ वर्ष पूर्व हुए महाविस्फोट (बिग बैंग) से हमारे ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति हुई। इसके साथ ही समय का जन्?म हुआ, पदार्थ और ऊर्जा प्रकट हुई और प्रकृति के नियम अस्तित्व में आये। उन्हीं नियमों के अनुसार विभिन्न आण्विक व रासायनिक क्रियाएं होने लगीं, पिंड आपस में गुरुत्वाककर्षण से आकर्षित होने लगे, नाभिकीय और विद्युत-चुम्बकीय बल अपना कार्य करने लगे आदि। नोवा हरारी अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''सेपियन्स'' में लिखते हैं कि बिग बैंग के 3 लाख साल बाद पदार्थ और ऊर्जा संयुक्त होकर परमाणु बने यह रसायनशास्त्र का जन्म था। इसके 380 करोड़ वर्ष बाद पृथ्वी पर जीवन की प्रारंभिक जटिल संरचनाएं बनीं। इस प्रकार जीवविज्ञान का जन्म हुआ।

## सिद्धू पर बरसे सुनील जाखड़, बोले- मुख्यमंत्री को बार-बार कमजोर करने की कोशिश बंद हो

**अनुराग गुप्ता**

**चंडीगढ़।** नवजोत सिंह सिद्धू के नाटकीय ढंग से पंजाब कांग्रेस प्रमुख पद से इस्तीफा देने के बाद प्रदेश में घमासान मचा हुआ है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि जैसे हालात चल रहे हैं उसको देखकर कहा जा सकता है कि सिद्धू साल 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक नहीं टिकेंगे।

**सिद्धू पर बरसे जाखड़ :** सुनील जाखड़ की भविष्यवाणी सही साबित हुई और अब उन्होंने इशारों-इशारों में सिद्धू पर कटाक्ष किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि अब बहुत हो गया है। मुख्यमंत्री को बार-बार कमजोर करने की कोशिश बंद होनी चाहिए। एजी और डीजीपी के चयन पर लगाए जा रहे आरोप वास्तव में मुख्यमंत्री



और गृह मंत्री की ईमानदारी, क्षमता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब पैर जमीन पर रखने और हवा को साफ करने का समय है।

**यह कोई क्रिकेट नहीं है:** इससे पहले जाखड़ ने सिद्धू को घेरते हुए कहा था कि यह क्रिकेट नहीं है। इस पूरे एपिसोड में जिस बात से समझौता किया गया, वह है कांग्रेस नेतृत्व का पीसीसी अध्यक्ष (निवर्तमान?) पर विश्वास करना।

# हैदराबाद ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया



**स्कोर बोर्ड (राजस्थान रायल्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद)**

**टास:** राजस्थान रायल्स (बल्लेबाजी)

**परिणाम:** सनराइजर्स हैदराबाद सात विकेट से जीता

**मैन आफ द मैच-**

राजस्थान रायल्स: 164/5 (20 ओवर)

| रन, | गेंद, चौके, छक्के |
|---|---|
| इविन लुइस का. समद बो. भुवनेश्वर | 06, 04, 01, 00 |
| यशस्वी जायसवाल बो. संदीप शर्मा | 36, 23, 05, 01 |
| संजू सैमसन का. होल्डर बो. कौल | 82, 57, 07, 03 |
| लियाम लिविंगस्टोन का. समद बो. राशिद | 04, 06, 00, 00 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 29, 28, 01, 01 |

*आइपीएल के 14वें सीजन का 40वां मुकाबला राजस्थान रायल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में राजस्थान की टीम ने कप्तान संजू सैमसन की अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 164 रन बनाए और हैदराबाद को जीत के लिए 165 रन का टारगेट दिया। जीत के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की टीम ने कप्तान केन विलियमसन व जेसन राय के अर्धशतक के दम पर 18.3 ओवर में 3 विकेट पर 167 रन बनाए और मैच को 7 विकेट से जीत लिया। इस जीत के बाद हैदराबाद के चार अंक हो गए, लेकिन वो अभी भी अंक तालिका में आखिरी नंबर पर है। वहीं इस हार के बाद राजस्थान की टीम 8 अंक के साथ छठे नंबर पर मौजूद है।*

## बैंगलोर ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया, मैक्सवेल की बेहतरीन पारी




इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 43वें मुकाबले में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रायल्स की टीमें आमने सामने थी। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने राजस्थान के खिलाफ टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस मुकाबले में दोनों टीमों ने बदलाव के साथ उतरने का फैसला लिया। इविन लुईस के अर्धशतक के दम पर राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवर में बैंगलोर के सामने 9 विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में ग्लेन मैक्सवेल की शानदार पारी के दम पर बैंगलोर ने 17.1 ओवर में 3 विकेट गंवाकर जीत का लक्ष्य हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने तेज शुरुआत की। टीम को पहला झटका पडिक्कल के रूप में मुस्ताफिजुर रहमान ने दिया। 22 रन बनाकर वो अंदर आती गेंद पर बोल्ड हुए। इसके ठीक बार एक रन चुराने की कोशिश में विराट कोहली को रन आउट होकर वापस लौटना पड़ा। रियान पराग ने 25 रन पर उनको वापस जाने पर मजबूर किया।

## इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया




इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 42वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से दुबई के जायद इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। इसमें मुंबई ने धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए पंजाब को 6 विकेट से हरा दिया है। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने पंजाब के खिलाफ टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। दोनों ही टीम इस मैच में बदलाव के साथ उतरी है। मुंबई की टीम ने दो जबकि पंजाब ने अपने आज के प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किया। पंजाब की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 135 रन का स्कोर खड़ा किया। एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम ने सौरव तिवारी के 45 रन की बदौलत 19वें ओवर में 4 विकेट गंवाकर जीत का लक्ष्य हासिल किया।

**स्कोर बोर्ड (पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस)**

**टास:** मुंबई इंडियंस (गेंदबाजी)

**परिणाम:** मुंबई इंडियंस छह विकेट से विजयी

## पूर्व क्रिकेटर मार्लन सैमुअल्स पर लगा एंटी करप्शन कोड के उल्लंघन का आरोप, ICC ने मांगा जवाब

वेस्टइंडीज क्रिकेट के पूर्व खिलाड़ी मार्लन सैमुअल्स पर गंभीर आरोप लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टी10 लीग में खेलते समय अज्ञात लोगों द्वारा संपर्क किए जाने की जानकारी उन्होंने नहीं बताई थी। इस कारण अब इंटरनेशनल क्रिकेट बोर्ड (आईसीसी) मार्लन के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार है। आईसीसी ने मार्लन सैमुअल्स को नोटिस भेजा है। वह 14 दिन के अंदर सभी आरोपों का जवाब देने को कहा है। पूर्व प्लेयर पर चार धाराओं में आरोप लगे हैं। मार्लन सैमुअल्स पर कार्रवाई अमीरात क्रिकेट बोर्ड की कंप्लेंट पर की जा रही है। आईसीसी ने मार्लन पर टी10 लीग के खिलाड़ियों के लिए उनके एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। आईसीसी ने कहा कि सैमुअल्स को धारा 2.4.2 के उल्लंघन के तहत आरोपी बनाया गया है। जो नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी को किसी भी गिफ्ट, पैमेंट या अन्य लाभ की प्राप्ति का




खुलासा करने में विफल रहने के बारे में है। खिलाड़ी पर अनुच्छेद 2.4.3 के उल्लंघन का आरोप भी लगा है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी को आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिनों का वक्त दिया गया है। बता दें मार्लन सैमुअल्स ने 71 टेस्ट मैच में 3,917 रन, 7 शतक, 24 अर्धशतक और 41 विकेट ले चुके हैं। वहीं 204 एकदिवसीय मुकाबलों में 5,536 रन, 10 सेंचुरी, 30 हाफ सेंचुरी और 89 विकेट चटका चुके हैं। मार्लन ने 67 टी20 मैच खेले हैं। जिसमें 10 हाफ सेंचुरी और 22 विकेट हासिल किए हैं।

### MCC ने किया नियमों में संशोधन

## अब बैट्समैन की जगह बैटर शब्द का होगा इस्तेमाल

मेरिलेबोन क्रिकेट क्लब ने बुधवार बड़ी घोषणा की है। अब पुरूष और महिला दोनों के लिए बैट्समैन के बजाय जेंडर न्यूट्रल बैटर शब्द का इस्तेमाल होगा। एमसीसी समिति ने इन नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। इससे पहले क्लब की स्पेशल नियमों की उप समिति ने इस विषय पर चर्चा की थी। क्रिकेट क्लब ने कहा कि हमारा मानना है जेंडर न्यूट्रल शब्दावली का इस्तेमाल सभी के लिए एक-सा होने पर क्रिकेट के दर्जे को बेहतर करेगा।



**खेल के प्रति वैश्विक जिम्मेदारी का हिस्सा:** एमसीसी ने कहा, ये संशोधन इस क्षेत्र में पहले से किए गए काम का विकास और खेल के प्रति वैश्विक जिम्मेदारी का हिस्सा है।% वूमन क्रिकेट ने विश्व में सभी स्टेज पर विकास किया है। इस लिए महिलाओं को क्रिकेट खेलने के लिए प्रोस्ताहित करने जेंडर न्यूट्रल शब्दों का इस्तेमाल करने बात की जा रही थीं।

**स्पेशल स्टोरी**

## सुनील गावस्कर ने मैदान पर अंपायर से कटवाए थे बाल



*भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर का 10 जुलाई 2021 शनिवार को 72वां जन्मदिन है। दाएं हाथ के बैट्समैन का करियर ऐतिहासिक था। उन्होंने देश के लिए 10 हजार से ज्यादा टेस्ट रन बनाए। गावस्कर 10,000 का आंकड़ा पार करने वाले इतिहास के पहले क्रिकेटर हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम में शामिल थे। अपने करियर में सुनिल गावस्कर ने 125 टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें 34 शतकों के साथ 10,122 रन बनाए हैं। उन्होंने 108 वनडे मैच में 3,093 रन बनाए। वहीं 1 शतक और 27 अर्धशतक लगाए हैं। गावस्कर के प्रथम श्रेणी करियर में 25,834 रन थे। सुनिल गावस्कर जन्मदिन पर हम उनके करियर के पांच दिलचस्प तथ्यों पर एक नजर डालते हैं।*

### 1. वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक

*सुनील गावस्करने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 टेस्ट शतक बनाए। कैरेबियाई के घातक गेंदबाज मैल्कम मार्शल, माइकल होल्डिंग और सर एंडी रॉबर्स जैसे बॉलर्स का सामना किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ गावस्कर के 13 सेंचुरी किसी एक विरोधी टीम के खिलाफ किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा अधिकतम है। कुल मिलाकर इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतकों के साथ शीर्ष पर सर डॉन ब्रैडमैन के साथ दूसरे स्थान पर है।*

### 2. डेब्यू टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन

*1971 में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चार मैचों में 774 रन बनाए। यह डेब्यू टेस्ट सीरीज में किसी भी खिलाड़ी द्वारा अधिकतम है।*

### 3. लॉर्ड्स में एमसीसी बाइसेन्टेनियल मैच

*कई फैंस को शायद यह नहीं पता होगा कि सुनिल गावस्कर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में लॉर्ड्स में कभी शतक नहीं बनाया है। लेकिन एमसीसी और शेष विश्व एकादश के बीच एमसीसी द्विशताब्दी मैच में गावस्कर ने रॉ इलेवन के लिए 188 रन बनाए थे। लेकिन वह डबल सेंचुरी से चूक गए थे। उन्हें रवि शास्त्री ने आउट किया था।*

**भारतीय महिला टीम को लगा झटका**

## पिंक बॉल टेस्ट से हरमनप्रीत बाहर हुई; पूनम राउत या यास्तिका भाटिया ले सकती हैं उनकी जगह

**मेलबर्न।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पिंक बॉल टेस्ट से बाहर हो गई हैं। कप्तान मिताली राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा- अंगूठे में चोट के कारण हरमनप्रीत इस मैच में नहीं खेल पाएंगी।

### पिंक बॉल से हुआ पहला प्रैक्टिस सेशन

मिताली ने बताया कि मंगलवार को पिंक बॉल से हमारा पहला प्रैक्टिस सेशन था। सभी के पास खास एक्सपीरिएंस था, क्योंकि हम पहली बार पिंक बॉल टेस्ट खेलेंगे। हमें इस टेस्ट मैच से काफी कुछ सीखने को मिलेगा।




### हमारा पेस अटैक दमदार

मिताली भारतीय टीम के पेस अटैक से बहुत प्रभावित नजर आ रही हैं। वनडे सीरीज में झूलन गोस्वामी सहित तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन से मिताली काफी खुश हैं। उन्होंने कहा- झूलन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वो अपने साथ दूसरों की भी मदद कर रही हैं। क्वालिटी की बात की जाए तो मेघा और पूजा भी बहुत ही अच्छी गेंदबाज हैं। ओवरॉल हमारे पास एक स्ट्रांग पेस डिपार्टमेंट है।

**वनडे सीरीज में 1-2 से हारी थी भारतीय टीम:** भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

## टीवी एक्ट्रेस का खुलासा: हिना खान बोलीं-

# कश्मीरी लड़की का रोल इसलिए नहीं मिला, क्योंकि मैं बहुत ज्यादा गोरी नहीं थी

**टेलीविजन इंडस्ट्री की पॉपुलर पर्सनैलिटी हिना खान म्यूजिक वीडियो में अपने स्टाइलिश अवतार को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर चौंकाने वाली बात बताई। हिना खान ने कहा कि उन्हें एक प्रोजेक्ट में केवल इसलिए नहीं लिया गया, क्योंकि वे बहुत ज्यादा गोरी नहीं थीं। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक कश्मीरी लड़की का रोल हासिल करने के लिए प्रयास किया था। हिना टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है से पॉपुलर हुई थीं। उनकी लोकप्रियता में इज़ाफा बिग बॉस सीजन 11 में शामिल होने के बाद हुआ। हाल ही में वे अंगद बेदी के अपोजिट एक म्यूजिक वीडियो में भी बर्बाद में नजर आई थीं।**



### कई वजहों से प्रोजेक्ट नहीं मिल पाए

एक न्यूज वेबसाइट से बातचीत में हिना खान ने अपने करियर के बारे में बताया, %कई बार ऐसा भी हुआ कि मुझे स्टोरी नहीं पसंद आई या फिर मुझे किरदार नहीं पसंद आया। कभी-कभी ऐसा भी हुआ कि आप कोई किरदार निभाने की बहुत ख्वाहिश रखते हों और आप उसके लिए टेस्ट भी दिया, पर किसी वजह से सिलेक्ट नहीं हो सकी। मैं प्रोजेक्ट के बारे में तो बात नहीं कर सकती, पर मुझे याद है कि एक प्रोजेक्ट मुझे इसलिए नहीं मिल पाया क्योंकि मैं पूरी तरह कश्मीरी नहीं दिख रही थी।

### *कश्मीरी भाषा बोल सकती थी, फिर भी रोल नहीं मिला*

*इस प्रोजेक्ट के बारे में हिना ने आगे कहा- मैं कश्मीरी हूं और बहुत अच्छी तरह से कश्मीरी बोल सकती थी पर मुझे इसलिए इस रोल के लिए नहीं लिया गया, क्योंकि मेरा रंग दबा हुआ था। मैं बहुत ज्यादा गोरी नहीं हूं। टीम और किरदार के लिए यही जरूरी था। मुझे बहुत बुरा लगा था। जब आप भाषा को बहुत अच्छी तरह से जानते हों और आप किरदार को बेहतरीन तरीके से निभा सकते हों और सिर्फ कश्मीरी दिखें ना इसलिए आपको रोल न मिले। मैंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और हार मानी। मैंने हमेशा कोशिश जारी रखी। हिना खान ने विक्रम भट्?ट की फिल्म %हैक्ड% से बॉलीवुड में एंट्री की थी। इस फिल्म में उनके साथ रोहन शाह और तन्वी ठक्कर जैसे एक्टर्स ने काम किया था। अभी उनके पास कुछ और बॉलीवुड प्रोजेक्ट हैं, हालांकि हिना ने कहा कि इन प्रोजेक्ट के बारे में वे बाद में खुलासा करेंगी।*

## KBC 13- अमिताभ बच्चन ने पूछा-शो के बाद डेट पर चलेंगी, कंटेस्टेंट बोलीं- मुझे चुटकी काटनी पड़ेगी, यकीन नहीं हो रहा

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 13 का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है, जिसमें होस्ट अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शक्ति प्रभाकर, जो नैनीताल की एक शिक्षक हैं, को इंट्रोड्यूस करते हुए दिखाया गया और ऑडियंस को यह बताते हुए दिखाया गया कि उनका परिवार दुखी था क्योंकि वो शादी करने के लिए तैयार नहीं थीं। फिर, अमिताभ ने शक्ति से पूछा, अगर मैं आपको डेट पर ले जाऊं तो कैसा रहेगा? वो शरमा गईं और बोलीं, मुझे चुटकी काटनी पड़ेगी।

मतलब, अभी तक मैं कभी डेट पे नहीं गई हूं और डायरेक्ट आप पूछ रहे हैं मेरे से।

**बिग बी पहले भी कंटेस्टेंट के साथ शो में कर चुके हैं ऐसे हंसी मजाक:** अमिताभ ने पिछले हफ्ते भी केबीसी 13 के प्रोड्यूसर से शो को रोकने के लिए कहा था क्योंकि वो कंटेस्टेंट नम्रता शाह को चाय के लिए बाहर ले जाना चाहते थे। फिर बिग बी ने उनसे कहा था कि वो उन्हें एक रेस्टोरेंट में ले जाना पसंद करेंगे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को यह पूछने से रोक दिया था क्योंकि उनके पति और बेटे ऑडियंस में बैठे थे। अमिताभ कहते हैं, पति देव, पुत्र सुन रहे हैं, इसलिए थोड़ा सा चाय की ही बात बोली है। वर्ना भोजन-वोजन खिलाने ले जाता मैं आपको रेस्टोरेंट।




### 2000 से इस शो का हिस्सा हैं अमिताभ बच्चन

कौन बनेगा करोड़पति 13 ने हर शुक्रवार को चैरिटी के लिए खेलने वाले सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट की होस्टिंग शुरू कर दी है। अब तक पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग-सौरव गांगुली, एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी दीपिका पादुकोण-फराह खान, ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा-पीआर श्रीजेश और एक्टर जैकी श्रॉफ-सुनील शेट्टी गेस्ट के रूप में शामिल हुए हैं। अमिताभ ने 2000 में %कौन बनेगा करोड़पति% के साथ टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की थी। उन्होंने गेम शो के एक सीजन को छोड़कर सभी की होस्टिंग की है।

### बिग बॉस 15

## तारक मेहता फेम निधि भानुशाली रोड ट्रिप के चलते नहीं बन पाईं शो का हिस्सा

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम निधि भानुशाली को बिग बॉस 15 के मेकर्स ने एप्रोच किया था हालांकि चाहकर भी वे अब इसका हिस्सा नहीं होंगी। माना जा रहा है कि निधि ने बिग बॉस के सामने अपना पहला प्यार चुना- ट्रैवलिंग। ऐसा नहीं था कि निधि इस शो में शामिल होने के लिए उत्साहित नहीं थी हालांकि वे अपने ट्रैवल प्लान में भी बदलाव नहीं लाना चाहती थी। काफी सोचने के बाद उन्होंने शो में शामिल होने से इंकार कर दिया और अपने रोड ट्रिप को जारी रखने का फैसला किया। गौरतलब है कि निधि भानुशाली का तारक मेहता छोड़ने के बाद, पलक सिधवानी ने उनकी जगह ली है।




### बेफिक्र अंदाज़ देखकर ही मेकर्स ने एप्रोच किया

निधि से जुड़े करीबी बताते हैं, फ्ररियल लाइफ में निधि काफी एडवेंचरस हैं। उन्हें ट्रैवलिंग करना बहुत पसंद है और वे पिछले कुछ महीनों से देश भ्रमण कर रही हैं। वे अपने एक दोस्त और पेट डॉग के साथ रोड ट्रिप निकल पड़ी हैं। पिछले तीन महीनों में वे सिर्फ एक ही बार कुछ दिनों के लिए अपने घर लौटी थीं एक फैमिली मेंबर की शादी में शामिल होने के लिए। सोशल मीडिया पर निधि काफी एक्टिव हैं और उनका बेफिक्र अंदाज़ देखकर ही शो के मेकर्स ने उन्हें एप्रोच किया था। हालांकि इस शो में शामिल होने के लिए उन्हें अपने रोड ट्रिप को बीच में छोड़कर मुंबई लौटना होता।

### अपील- सूर्यवंशी स्टार अक्षय कुमार ने दर्शकों से की अपील

## बोले-थिएटर में वापस आकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने में हमारी मदद करें



**एक्टर अक्षय कुमार** की पांच फिल्में इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने दर्शकों से थिएटर में वापस आकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने में मदद करने के लिए कहा है। उन्हें उम्मीद है कि सबसे बुरा समय अब खत्म हो गया है। अक्षय कुमार ने कहा कि एक साल में फिर से मेरी चार से पांच फिल्में रिलीज होने वाली हैं और यह एक अच्छा अहसास है। चीजें वापस सामान्य हो रही हैं और उन्हें उम्मीद है कि ऐसा ही रहेगा। अक्षय कुमार के अनुसार, वे पिछले डेढ़ साल से दर्शकों को मनोरंजन दिखाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे थे। सिनेमाघरों के फिर से खुलने के साथ चीजें ठीक होती दिख रही हैं अक्षय कुमार ने आगे कहा कि इंडस्ट्री उम्मीद कर रही है कि अब सबसे बुरा समय अब खत्म हो गया है। वे सिर्फ प्रवाह के साथ जा रहे हैं। उनके अनुसार, पिछले डेढ़ साल पूरी इंडस्ट्री के लिए बहुत ही कठिन रहे हैं, जिसमें हर किसी को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन, आखिरकार महाराष्ट्र में सिनेमाघरों के फिर से खुलने के साथ चीजें ठीक होती दिख रही हैं। अक्षय को उम्मीद है कि दर्शक थिएटर में वापस आकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने में मदद करेंगे।

### *इस साल अक्षय की पांच फिल्में सिनेमाघरों में होंगी रिलीज*

बता दें कि अक्षय कुमार की लगभग पांच फिल्में हैं, जो इस साल अगले कुछ महीनों में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं। इसमें सूर्यवंशी, पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षाबंधन और राम सेतु शामिल हैं। वहीं अक्षय की %ओह माई गॉड% और %अतरंगी रे% दोनों के अगले साल रिलीज होने की संभावना है। अक्षय को आखिरी बार बेल बॉटम में देखा गया था, जो थिएटर में रिलीज हुई थी। हालांकि, इस फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं किया गया था, क्योंकि राज्य कोरोना महामारी के चलते सिनेमाघर बंद थे।

## RBI से बैन हटने के बाद HDFC Bank ने बनाया रिकॉर्ड




**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। निजी बैंक ने चार लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। ये कार्ड बीते माह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैन हटने के बाद जारी किए गए हैं। एचडीएफसी ने आज (बुधवार) बताया कि नए कार्ड 21 सितंबर, 2021 तक जारी किए गए हैं। यह बैंक की तेज विकास को दर्शाता है। एचडीएफसी बैंक में पेमेंट, उपभोक्ता वित्त, डिजिटल बैंकिंग और आईटी के समूह प्रमुख पराग राव ने कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स की संख्या को बढ़ाएगा। वह बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, बैंक ने ग्राहक में रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल किया है। हम अपने कार्ड की संख्या को तेजी से बढ़ाना चाहते हैं। राव ने कहा कि जबसे प्रतिबंध हटा तब से हमने बहुत ही कम समय में चार लाख नए कार्ड जारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। मेरा यह मानना है कि बहुत ही कम समय में बैंकिंग सेक्टर में सबसे बड़ा काम है। पराग राव ने आगे कहा कि नए कार्ड वेरिएंट अगले महीने ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। एचडीएफसी बैंक ने मिलेनिया, मनीबैक प्लस और फ्रीडम कार्ड के दोबारा लॉन्चिंग का ऐलान किया है।। बैंक द्वारा कहा गया है कि अधिक सहूलियत के लिए नई सुविधाओं और लाभों को जोड़ा गया है।

**बैंक जारी किए 4 लाख नए क्रेडिट कार्ड**

# सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोपहर 12=39 बजे सोने का अक्टूबर, 2021 डिलीवरी वाला भाव 133 रुपये यानी 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 45,936 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड कर रहा था। पिछले सत्र में 10 ग्राम सोने का वायदा भाव 46,069 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसी तरह, दिसंबर 2021 में डिलीवरी वाले सोने का भाव 185 रुपये या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,974 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड कर रहा था। इससे पहले सोमवार को दिसंबर के अनुबंध वाले सोने का भाव 46,159 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एमसीएक्स पर फरवरी 2022 में डिलीवरी वाले सोने का भाव 162 रुपये या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले सोमवार को फरवरी अनुबंध के साथ सोने का भाव 46,312 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



### वायदा बाजार में चांदी की कीमत

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर चांदी की कीमत दिसंबर 2021 डिलीवरी के लिए 568 रुपये या 0.94 फीसदी की गिरावट के साथ 60,066 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेंड कर रही थी. पिछले सत्र में दिसंबर 2021 में डिलीवरी के लिए चांदी का भाव 60,634 रुपये प्रति किलो था। इसी तरह, मार्च 2022 में डिलीवरी के लिए चांदी की कीमत 562 रुपये या 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई थी। पिछले सत्र में चांदी का भाव 61,212 रुपये प्रति किलो था।

## Hero Electric देश में लगाएगी दस हजार चार्जिंग स्टेशन, कोई भी इलेक्ट्रिक व्हीकल कर सकेंगे चॉर्ज

हीरो इलेक्ट्रिक देश में दस हजार नए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन लगाने की प्लानिंग कर रहा है। इसके जरिए कंपनी चार्जिंग ईकोसिस्टम पर विस्तार करेगी। हीरो ने ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस स्टार्टअप मैसिव मोबिलिटी के साथ पार्टनरशीप की है। ऑटोमेकर के अनुसार यह नेटवर्क सभी इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए रहेगा और निर्माताओं के बीच अधिक मानकीकरण पर जोर देगा। हीरो इलेक्ट्रिक ने कहा कि संयुक्त रूप चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग करते कस्टमर्स के व्यवहार का एक सर्वेक्षण किया। निष्कर्षों से पता चला कि उपभोक्ता स्मार्ट चार्जर की तलाश में थे। कंपनी के सीईओ सोहिंदर गिल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणाओं ने ईवी उद्योग को अगले स्तर तक ले जाने में मदद की है।



# Amazon ने भारत में निकाली बंपर वैकेंसी, 1 लाख से अधिक पदों पर लोगों को देगी जॉब

**नई दिल्ली/एजेंसी।** अमेजन इंडिया (Amazon India) का कहना है कि त्योहारी सीजन से पहले उसने अपने नेटवर्क में 1.1 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए है।

कंपनी ने कहा, इन अवसरों में मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और चेन्नई जैसे शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां शामिल हैं। नए कर्मचारियों में अधिकांश अमेजन के सहयोगियों के मौजूदा नेटवर्क में शामिल हो गए हैं। नए कर्मचारी ऑर्डर लेने, पैक करने, शिप, डिलीवरी और कस्टमर सेवा जैसा काम करेंगे। ये नई नौकरियां आठ हजार के अतिरिक्त है। जिसका ऐलान कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में करियर डे के दौरान किया था। अमेजन (द्बड्ड5श्ठ्ठ) ने भारत में 2025 तक 10 लाख नए रोजगार के अवसर पैदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेजन के वाइस प्रेसिडेंट (ग्राहक पूर्ति संचालन) अखिल सक्सेना ने कहा कि त्योहारों के मौसम के दौरान ग्राहक अपने शॉपिंग ऑर्डर की सुरक्षित, विश्वसनीय और तेज डिलीवरी के लिए हमपर भरोसा करते हैं। अतिरिक्त कार्यबल हमें अपनी पूर्ति, वितरण और कस्टमर सेवा क्षमताओं को मजबूत करने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि नियुक्ति से आजीविका और वित्तीय स्वतंत्रता वाले कई लोगों को मदद मिलेगी। सक्सेना ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों के सहयोगियों का स्वागत करते हैं। ताकि पूरे देश में ग्राहकों और विक्रेताओं के लिए एक खुशी का त्योहारी सीजन देने में मदद मिल सके। अमेजन इंडिया ने कहा, पिछले साल के अपेक्षा 50 प्रतिशत अधिक महिलाओं, 60 फीसद विकलांग और एलजीबीटीक्यूएआई प्लस समुदाय में 100 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी करके अपने समावेशी कार्यबल को मजबूत किया है। वहीं कंपनी ने अपने पूर्ति और वितरण नेटवर्क का विस्तार किया है। अब 15 प्रदेशों में 60 से अधिक पूर्ति केंद्र है। 19 राज्यों में सॉर्ट केंद्र, 1700 से अधिक पार्टनर डिलीवरी स्टेशन, 28 हजार आई हैव स्पेस पार्टनर और अमेजन फ्लेक्स डिलीवरी पार्टनर है।




# रिलायंस जियो ने जुलाई में जोड़े 65 लाख यूजर्स

**कुल कनेक्शन 44 करोड़ 32 लाख से अधिक**




**नई दिल्ली/एजेंसी।** रिलायंस जियो ने अपनी लॉन्चिंग के पांच साल के भीतर 44 करोड़ 32 लाख ग्राहक जोड़ कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। भारतीय दूरसचांर के इतिहास में इससे पहले कोई भी कंपनी 44 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा नहीं छू सकी थी। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया यानी ट्राई द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई 2021 में रिलायंस जियो ने 65 लाख से अधिक ग्राहक जोड़ कर यह मुकाम हासिल किया।

देश की दिग्गज कंपनी वोडा-आइडिया यानी वीआई को जुलाई माह में एक बार फिर भारी नुकसान हुआ है। जून के मुकाबले जुलाई में 14 लाख 30 हजार ग्राहक वोडा-आइडिया का नेटवर्क छोड़ कर चले गए। करीब 27 करोड़ यूजर्स के साथ वह मार्किट में तीसरे नंबर पर है। यूजर्स के मामले में भारती एयरटेल दूसरे नंबर पर काबिज है। एयरटेल ने जुलाई में 19 लाख 42 हजार के करीब यूजर्स जोड़े हैं। एयरटेल के कुल यूजर्स की तादाद जुलाई में 35 करोड़ 40 लाख के करीब रही। रिलायंस जियो दिवाली पर नया 4जी स्मार्टफोन-जियोफोन नेक्सट लॉन्च करने जा रही है। जियोफोन नेक्सट की लॉन्चिंग के बाद, कंपनी ग्राहकों की संख्या में भारी इजाफा होने की उम्मीद कंपनी लगाए बैठी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जियो का नया 4जी स्मार्टफोन, वोडा-आइडिया और एयरटेल के 2जी ग्राहकों को अपनी तरफ खींच सकता है। वायरलेस सब्सक्राइबर यानी भारत के मोबाइल कनेक्शन मार्किट में रिलायंस जियो 37.34 फीसदी ग्राहकों के साथ नंबर वन की पोजीशन पर बना हुआ है। भारती एयरटेल 29.83% और वोडाफोन आइडिया 22.91 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे और तीसरे नंबर पर काबिज हैं।

9.64 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बीएसएनएल चौथे नंबर पर है। ट्राई के आंकड़े बताते हैं कि जुलाई में कुल मोबाइल कनेक्शन में इजाफा हुआ है। जून के मुकाबले जुलाई में करीब 60 लाख नए कनेक्शन जुड़े हैं। रूरल सब्सक्रिप्शन नंबर में भी करीब 22 लाख की बढ़ोतरी देखी गई। जून माह में ग्रामीण भारत में कुल कनेक्शन की संख्या 53 करोड़ 45 लाख से बढ़कर जुलाई में 53 करोड़ 67 लाख के करीब हो गई है। देश में वायरलेस सब्सक्राइबर बेस 118 करोड़ 68 लाख से अधिक हो गया है।

# PNB ने 0 बैलेंस पर ग्राहकों से वसूले 170 करोड़ रुपए, RTI में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों से 170 करोड़ रुपए वसूले हैं। यह राशि खाते में मिनिमम बैलेंस नहीं रखने वाले कस्टमर्स से ली गई है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी पर पीएनबी (PNB) ने यह जानकारी दी है। ये वसूली बीते वित्त वर्ष 2020-21 की है। वित्त साल 2019-20 में यह आंकड़ा 286.24 करोड़ था। पंजाब बैंक शुल्क तिमाही आधार पर लेता है।

### क्वाटर्ली एवरेज में 35.46 करोड़ वसूले

पंजाब नेशनल बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में क्वाटर्ली एवरेज बैलेंस के तहत 35.46 करोड़ रुपए वसूले हैं। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक ने कोई शुल्क नहीं लगाया था। वहीं तीसरी तिमाही 48.11 करोड़ और चौथी तिमाही में 86.11 करोड़ रुपए पेनाल्टी लगाई है।

**एटीएम शुल्क से वसूला 74.28 करोड़:** मध्यप्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने आईटीआई के तहत पीएनबी से यह जानकारी मांगी थी। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष में एटीएम शुल्क के रूप में 74.28 करोड़ और 2019-20 में 114.08 करोड़ रुपए वसूले हैं। RTI में खुलासा हुआ है कि बीते वित्त वर्ष की पहली तिमाही में केंद्र सरकार के निर्देश के बाद पंजाब नेशनल बैंक ने एटीएम शुल्क में राहत दी थी। एक सवाल के जवाब में बैंक ने कहा कि 30 जून 2021 तक 4,27,59,597 अकाउंट बंद थे।




## शेयर बाजार में रिकॉर्ड उछाल, सेंसेक्स ने पहली बार पार किया 60 हजार का आंकड़ा



**मुंबई।** भारत में लगातार विदेशी निवेश के कारण शेयर मार्केट लगातार उछाल मार रहा है। शुक्रवार को बाजार खुलते ही भारतीय शेयर बाजार ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 60 हजार का आंकड़ा पार कर लिया। पहली बार क्चस्श्व संसेक्स ने 60 हजार का आंकड़ा छू लिया। सुबह मार्केट खुलते ही सेंसेक्स 273 पॉइंट उछलकर 60 हजार के पार चला गया। सेंसेक्स 273 पॉइंट की बढ़त के साथ 60,158.76 पर खुला। इससे पहले गुरुवार को सेंसेक्स 59,885.36 पॉइंट पर बंद हुआ था। गुरुवार को क्चस्श्व संसेक्स में 958 प्वाइंट की उछाल देखी गई थी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)